## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

# असली सवाल

देश की जनसंख्या १३० करोड़ के आसपास है और उसमें ८१.३५ करोड़ गरीब जनता को और पांच वर्षों तक मुफ्त अनाज देने का फैसला मोदी मंत्रिमंडल ने किया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनाज योजना को और पांच वर्षों तक विस्तार देने का यह फैसला है। इस योजना के तहत हर व्यक्ति को हर माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जाता है। इस योजना पर केंद्र सरकार के ही ११ लाख ८० हजार रुपए खर्च होंगे, इस तरह की जानकारी सरकार की ओर से दी गई है। सरकारी तिजोरी का पैसा देश के गरीबों के लिए खर्च किए जाने पर किसी को आपत्ति होने का कारण नहीं, लेकिन गरीबों को और कितने समय तक गरीब ही रखेंगे ? गरीबों को और कितने दिन सरकारी मुफ्त अनाज पर गुजारा करना है ? ये असली सवाल है। फिर तुम नौ सालों से जिस वित्तीय प्रगति का गप्पा हांक रहे हो उसका क्या हुआ ? यदि तुम्हारी सरकार रफ्तार से वित्तीय प्रगति कर रही है, तो तुम्हें गरीबों को हर महीने मुफ्त अनाज देने का वक्त क्यों आ रहा है ? एक तरफ यह कहना कि बीते पांच सालों में साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए और उसी समय ८१ करोड़ लोगों के लिए मुफ्त अनाज योजना को विस्तार दिया जाता है। एक तरफ ट्रिलियन अर्थव्यवस्था पर गप्पा और दूसरी तरफ ८१ करोड़ जनता को मुफ्त अनाज देने की लीपापोती ! बीते नौ सालों से ऐसे ही जुमलेबाजी शुरू है। ८१.३५ करोड़ जनता को मुफ्त में अनाज देकर उनका चूल्हा जलाना पड़ता है, इसका मतलब वर्ष २०१४ से गरीबों को आखिर मिला क्या ? केवल पांच किलो मुफ्त अनाज ! गरीब तो गरीब ही रहे और भाजपा के खजाने में सैकड़ों करोड़ जमा हुए, वो भी बेहिसाब। देश की आधे से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। और वो सरकार की ओर से दिए मुफ्त अनाज के सहारे जी रही है। यह आत्मनिर्भरता का लक्षण नहीं। गरीब मतदाताओं को गुलाम बनाने का यह दांव-पेच है। प्रधानमंत्री मोदी खुद को महाशक्ति, विश्वगुरु जैसी उपाधि से नवाजते, लेकिन उनके देश की आधी जनता भूखी सो रही है और सरकार की रेवड़ी पर गुजारा कर रही है। इस देश में विधायक-सांसदों को ५०-५० करोड़ रुपए देकर खरीदा जाता है लेकिन गरीबों के मुंह पर पांच किलो अनाज मारा जाता है। और स्पष्ठ कहें तो, जिन्हें चुनकर लाए, वे ५०-५० करोड़ में बिकते हैं और जो चुनकर लाते हैं वे ५-५ किलो अनाज के बदले मत १दान करते हैं। यह अपने देश और लोकतंत्र का दुखद अंत है। अडानी जैसे मोदी मित्रों की प्रॉपर्टी हजारों गुना बढ़ती है, लेकिन ८० करोड़ जनता को सरकारी भीख पर जीना पड़ता है। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए मोदी ने वादा किया था लेकिन डबल रहा बगल में। संपन्न, मेहनती किसानों पर अब राशन की दुकानों पर ५ किलो राशन के लिए कतार में खड़े रहने की नौबत मोदी राज में आई है। किसानों को खेती-बारी नहीं और युवाओं को रोजगार नहीं। वर्ष में दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे, ऐसा मोदी बोलते थे, लेकिन नोटबंदी जैसे फैसलों से अर्थव्यवस्था चरमरा गई, वहीं नौकरियां भी चली गईं। लोग हमारे गुलाम रहें और लोग हमारी मेहरबानी पर जिएं ऐसा सरकार चाहती है। मोदी सरकार के कार्यकाल में न महंगाई कम हुई, न बेरोजगारी। न सामान्य जनता की आय बढ़ी, न जोर-शोर से कहे गए १५ लाख रुपए आम जनता के खातों में जमा हुए। अब २०२४ का लोकसभा चुनाव सिर पर है और उसमें सत्ता पक्ष के सिर पर यह उल्टे लदेगा यह निश्चित है। इसलिए एक तरफ ट्रिलियन-फिलियन अर्थव्यवस्था के रंगीन सपने दिखाना और दूसरी तरफ ८१ करोड़ जनता को मुफ्त अनाज की जंजीर में जकड़ने का उद्योग शुरू है।


newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ४६ | ४ से १० दिसंबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024


# धूमधाम से मनाया गया निलेश सोनी का जन्मदिन



मीरारोड : निलेश सोनी के जन्म दिन के शुभ अवसर पर शहर में खुशी की लहर देखने को मिली. इस अवसर पर माजी विधायक नरेंद्र मेहता, माजी विधायक गिल्बर्ट मेंडोसा, माजी महापौर डिंपल मेहता, माजी उपमहापोर हसमुख गेहलोत, माजी नगरसेवक प्रशांत दलवी, माजी नगरसेवक प्रकाश जिलेदार, माजी नगरसेवक आनंद मांजरेकर, माजी नगरसेविका हेतल परमार, माजी नगरसेविका हेमा बेलानी, बीजेपी जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ट्रस्टी करणी चरण, समाजसेविका आशा कोहले, राहुल तिवारी, राजेंद्र खीचा, विक्की कपूर, संजय ठाकुर, ललित बंगेरा, आदित्य एडवरटाइजिंग के मालिक दीपक पाठक, सरस्वती एडवरटाइजिंग के मालिक दिलीप पंसारिया, अरुणा चक्रे, लार्सन अल्मेडा, हनीफ शेख, शिवसेना शिंधे ग्रुप के १४५ विधान सभा क्षेत्र विक्रम प्रताप सिंह ,अमित मिश्रा, धीरज सिंह, महेंद्र दिलोद, मनीष त्यागी, मनीष सिंह, समीर भाई दानी, दीप भट्ट सोनू, अजय दुबे, सुनील केशरी, मोनू प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाजपा नेता निलेश सोनी का जन्म दिन उनके कार्यालय पूनम गार्डन में बडे. ही धूमधाम से मनाया गया. निलेश सोनी ने एक खुबसूरत गाना ए दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गा कर सबको भाव विभोर कर दिया. निलेश सोनी ने अपनी पहचान अपने कामों से बनाई है जो भी उनके पास गया वो कभी खाली हाथ नहीं गया. सबकी समस्या का समाधान करने के लिए निलेश सोनी हमेशा तत्पर रहते है. निलेश सोनी के मिलन का सार है जो बिना किसी जात पात के सबके साथ हमेशा खडे. रहते हैं. इसलिए सभी जनता भी उन्हें एक अच्छे नेता के रूप में देखती है.


# सायबर सेल पुलिस की कार्यकुशलता से जालसाजी की रकम बरामद

भाईंदर. साइबर क्राइम सेल में शिकायत प्राप्त हुई थी कि वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के मीरा- भाइन्दर के नयानगर क्षेत्र के मिश्रा (रेस्ट. मीरारोड) के पास रुपये की धोखाधडी की गई है। तदनुसार, साइबर पुलिस ने धोखाधडी की गई राशि को मूल खाते में वापस कर दिया है। पुलिस को लेनदेन की जानकारी मिली थी. प्राप्त जानकारी के अवलोकन पर शिकायतकर्ता में यह पाया गया कि धोखाधडी की राशि को नो-ब्रोकर, रेजोप के भुगतान वॉलेट में भेज दिया गया था। तदनुसार, संबंधित पक्षों को तुरंत पत्राचार द्वारा शिकायतकर्ता द्वारा डायवर्ट की गई राशि को रोकने के बारे में सूचित किया गया। साथ ही फॉलोअप के बाद शिकायतकर्ता की ठगी गई रकम २ लाख ५७ हजार रुपए उसके मूल खाते में वापस कर दिए गए हैं. उक्त प्रदर्शन पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे, सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल, पुलिस आयुक्तालय की अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक सुजीत कुमार के मार्गदर्शन में हुआ. पुलिस कास्टेबल अमीना पठान, सुवर्णा माली, कुणाल सावले को किया गया है। धोखाधडी को रोकने के लिए ध्यान रखना होगा क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट के संबंध में आने वाली कॉल, एसएमएस का जवाब न दें। क्रेडिट कार्ड की जानकारी किसी को न बताएं। क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट के संबंध में मोबाइल पर आए किसी भी लिंक या ऐप को न खोलें ध धोखाधडी का पता चलते ही तुरंत साइबर हेल्पलाइन १९३० के साथ-साथ अपने संबंधित बैंक से संपर्क करें.



देश भर में बीजेपी का जश्न दिखाई दिया. एमपी और राजस्थान की भारी बहुमत से बीजेपी की जीत का जश्न मिरा भाईंदर में जोरों शोरों से दिखाई दिया.

# मिरा भाईंदर के डीपी प्लान का मुद्दा सरनाईक उठाएंगे विधानमंडल में



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भायंदर शहर के संशोधित नए विकास योजना प्रारूप (डेवलपमेंट प्लान) का मुद्दा अब राज्य के शीतकालीन सत्र में भी उठाया जाएगा. विधायक प्रताप सरनाईक ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से नए डीपी में मनपा द्वारा दिए गए सुझावों को समाविष्ठ करने की मांग करेंगे. हाल ही में जारी की गई इस डीपी को अंतिम मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास भेजी गई है, लेकिन मीरा-भायंदर मनपा द्वारा दिए गए सुझावों को संशोधित नए विकास योजना प्रारूप में शामिल नहीं किया गया है. सरनाईक नागपुर में विधानमंडल के सत्र में मांग करेंगे कि राज्य सरकार को मीरा भायंदर मनपा द्वारा दिए गए सुझाव और परिवर्तनों को शामिल करके ही डीपी को अंतिम रूप देना चाहिए. मूल्यांकन विभाग के सहायक संचालक ने किया था तैयार बता दें कि मीरा-भायंदर शहर के विकास योजना प्रारूप को ठाणे नगर रचना व मूल्यांकन विभाग के सहायक संचालक किशोर पाटिल द्वारा तैयार कर २८ अक्टूबर २०२२ को प्रकाशित किया गया था . इस विकास योजना प्रारूप में कई त्रुटियां सामने आने के बाद इसे रद्द करने की मांग विधायक प्रताप सरनाईक, गीता जैन व पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने


शेष पृष्ठ २ पर


# ड्रग्स के कारोबारियों पर महाराष्ट्र सरकार की गिरी गाज




मुंबई : चेंबूर क्राइम ब्रांच ने अगस्त महीने में ड्रग्स तस्करी से जुडे.एक बडे.केस का भंडाफोड. किया था। उस केस में कुल १२ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें से चार आरोपियों की करीब ३ करोड.रुपये कीमत की प्रॉपर्टीज को महाराष्ट्र सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है। मुंबई में डीसीपी राज तिलक रौशन ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में साहिल खान का मालेगांव में एक फार्म हाउस, शिलफाटा में एक फ्लैट, दूसरे आरोपी कायनात खान के घनसोली और शिलफाटा के दो घर और तीसरे आरोपी सरफराज शाबिर अली खान का मुंब्रा में शिल म्हापे में घर सील किया गया है। चौथी आरोपी प्रियंका कारकौर


शेष पृष्ठ २ पर








# एग्जिट पोल के बीच महाराष्ट्र में प्री-पोल सर्वे की चर्चा

मुंबई: पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल के अनुमानों के पर चर्चा के बीच महाराष्ट्र का प्री पोल सर्वे सामने आया है। सोशल मीडिया पर किए गए दावे के अनुसार इस सर्वे को एक राष्ट्रीय पार्टी से संबंधित एक सामाजिक संगठन ने राज्य में प्री-पोल सर्वे किया है। इसमें महाराष्ट्र में अगले साल कैसी तस्वीर उभर सकती है। इसका अनुमान दर्शाया गया है। राज्य में लोकसभा चुनावों के बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा की कुल २८८ सीटें हैं। राज्य में उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक लोकसभा सीटें हैं। ऐसे में सामाजिक संगठन के प्री पोल सर्वे के आंकड़ों ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया है। महाराष्ट्र को लेकर हुए प्री पोल सर्वे में कहा गया है कि अगर अभी चुनाव हो जाएं तो राज्य में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। उसे ८० सीटें हासिल हो सकती हैं। इन सीटों के साथ बीजेपी राज्य में नंबर एक पर रहेगी। इस प्री-पोल सर्वे में कांग्रेस को ६५ सीटें दी गई हैं। सर्वे में आश्चर्यजनक तौर पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) को ५० सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। प्री-पोल सर्वे में शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को ४० सीटों के साथ चौथे नंबर पर रखा गया है। एनसीपी के अजित गुट को सर्वे में २९ और शिवसेना (शिंदे गुट) को आठ सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इन आंकड़ों को महाराष्ट्र के वरिष्ट पत्रकार सुधीर सूर्यवंशी ने भी साझा किया है। एग्जिट पोल के नतीजों के बीच सामने आए महाराष्ट्र की सामाजिक संस्था के सर्वे के आंकड़े चर्चा में हैं। ऐसे में मौजूदा महायुति गठबंधन को बहुमत नहीं मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। सबसे ज्यादा नुकसान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को होने की बात कही गई है। महाराष्ट्र में विधानसभा की कुल सीटों की संख्या २८८ हैं और बहुमत का आंकड़ा १४५ सीटों का है। २०२४ के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को कुल १०५ सीटें मिली थीं। तब सहयोगी रही शिवसेना को ५६ सीटें मिली थीं। एनसीपी और कांग्रेस ने ५४ और ४४ सीटें जीती थीं। १३ निर्दलियों के साथ १६ सीटें अन्य छोटी पर्टियों को मिली थीं।

## मिरा भाईंदर के डीपी प्लान का मुद्दा सरनाईक उठाएंगे विधानमंडल में

पृष्ठ १ का शेष

की थी, वहीं कांग्रेस नेता मुजफ्फर हुसैन पूर्व विधायक गिल्बर्ट मेंडोसा ने भी विकास योजना प्रारूप में कई सुधार करने के सुझाव दिए थे. इसके अलावा शहर के अन्य नागरिकों द्वारा भी आपत्ति और सुझाव दर्ज कराई गई थी. इन आपत्तियों पर सुनवाई के लिए सेवानिवृत्त सह संचालक, सेवानिवृत्त सहायक संचालक, पर्यावरण योजनाकार, सहायक नगर रचना संचालक (ठाणे) ऐसे ४ सदस्यों की एक समिति बनाई गई थी. नए संशोधित विकास योजना प्रारूप में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और मनपा द्वारा दिए गए कई सुझाव अमल नहीं किए जाने की बात सामने आई थी, जिसमें कुछ आरक्षणों को रद्द करना, कुछ नए आरक्षणों को जोड़ना, कुछ संशोधित आरक्षणों को फिर से बनाए रखना और कुछ स्थानों पर सड़कों का पुनर्निर्माण आदि शामिल था. उम्मीद जताई जा रही थी कि ठाणे नगर रचना विभाग मनपा के इन सुझावों पर मनपा आयुक्त से चर्चा करेगा और उन्हें योजना में शामिल करेगा. लेकिन विकास योजना का संशोधित प्रारूप जारी होने के बाद यह स्पष्ठ हो गया कि मनपा की ओर से दिये गये सुझावों पर विचार नहीं किया गया. ठाणे के नगर रचना विभाग ने अक्टूबर में मीरा-भायंदर की संशोधित डीपी जारी की थी. योजना को अब अंतिम मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास भेजा गया है. इस डीपी की जांच करने के लिए राज्य सरकार ने इसे पुणे के नगर रचना विभाग के संचालक कार्यालय को भेज दिया है. संचालक के जांच व सत्यापन के बाद डीपी में संशोधन करने का अधिकार केवल राज्य सरकार को है.




## चाकु के नोक पर लुटा, आरोपी गिरफ्तार

भिवंडी : भिवंडी-कल्याण रोड पर रात को ऑटोरिक्शा में राहगीर बनकर साथ में बैठे दूसरे यात्री से लूटपाट करने वाले दो लोगों को कोनगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस लूटपाट कांड के आरोपियों का तीसरा साथी फरार है, जिसकी कोनगांव पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।




भिवंडी-पूर्व विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त किशोर खैरनार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि २६ नवंबर को रात में मानकोली और राजनोली के बीच रात को ऑटोरिक्शा से सफर कर रहे सिंटू मौर्य को रिक्शाचालक ने अपने दो साथियों के साथ सड़क पर रिक्शा रोककर चाकू की नोक पर मारपीट कर लूटपाट लिया था। इस मामले में कोनगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज अपराध की जांच वरिष्ट पुलिस निरीक्षक राजेंद्र पवार और पुलिस निरीक्षक दीप बने के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक वैभव चुंबले की टीम ने गुप्त मुखबिर की सूचना पर कल्याण व उल्हासनगर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने लूटपाट की घटना को कबूल कर लिया है। साथ ही दोनों आरोपियों ने इस लूट के अलावा दादर सागरी पुलिस स्टेशन, भिवंडी तालुका, रायगढ, वाशिंद तालुका शाहपुर और रबाले पुलिस स्टेशन से एक कार और एक रिक्शा भी चोरी करने की घटना को कबूल किया है। सहायक पुलिस आयुक्त किशोर खैरनार ने कहा कि इन आरोपियों का एक साथी अभी भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है और संभावना है कि आगे की जांच में गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ कुछ और मामले दर्ज किए जाएंगे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को भिवंडी कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस विरासत में भेजने का आदेश दिया है।














## ड्रग्स के कारोबारियों पर महाराष्ट्र सरकार की गिरी गाज

पृष्ठ १ का शेष

के घर से मिले १७ लाख ६ हजार रुपये भी सरकार ने अपनी तिजोरी में जमा कर लिए हैं। क्राइम ब्रांच ने सरफराज की एक क्रेटा मोटर कार और साहिल के पास मिले ५१.८४० ग्राम सोने के आभूषण व और ३५ हजार कैश भी जब्त किया है। सीनियर इंस्पेक्टर रविंद्र सालुंखे ने बताया कि अन्य आरोपियों की भी प्रॉपर्टीज की जानकारी निकाली जा रही है। एनडीपीएस ऐक्ट के सेक्शन ६८ (एफ) में इस बात का प्रावधान है कि यदि जांच एजेंसी के पास सबूत हों कि कोई भी प्रॉपर्टी व अन्य सामान ड्रग्स की कमाई से खरीदी गई है, तो वह जांच एजेंसी सरकार द्वारा नियुक्त सक्षम प्राधिकारी के पास यह सबूत दिखा सकती है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने भी ऐसा किया। एनडीपीएस में सरकार द्वारा नियुक्त सक्षम प्राधिकारी आयकर भवन में बैठता है। उसने मुंबई क्राइम द्वारा एविडेंस को सही माना और ड्रग्स से जुडे.लोगों की प्रॉपटीज को सरकार के कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रियंका, सरफराज शाबिर अली खान की गर्लफ्रेंड थी। प्रियंका ने दो आधार कार्ड बनवाए थे। इनमें से एक सना शाबिर अली खान नाम से बना था। इस आधार कार्ड पर वह अपने बॉयफ्रेंड से मिलने अक्सर तब जेल जाती थी, जब वह किसी अन्य केस में बंद था। बाद में वह जमानत पर बाहर हुआ। अगस्त में क्राइम ब्रांच ने उसे फिर गिरफ्तार कर लिया। दोनों की दोस्ती मुंबई के एक डांस बार में हुई थी, जहां प्रियंका काम करती थी और वह उस डांस बार में नियमित आता था। मुंबई क्राइम ब्रांच का मानना है कि इस ड्रग्स सिंडिकेट ने पिछले पांच साल में लगभग आधी मुंबई को ड्रग्स की सप्लाई की थी।





















# मनपा कर्मचारी पर हमला करने वाले हुए गिरफ्तार



जेकेएस संवाददाता

कल्याण : कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के कर्मचारी पर हुए हमले के मामले में रामनगर पुलिस ने हमलावर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, विगत २७ नवंबर को रात पौने आठ बजे डोंबिवली-पूर्व में शहीद भगत सिंह रोड पर केडीएमसी ड्राइवर पर एक युवक धारदार हथियार से हमला कर वहां से फरार हो गया। वहां मौजूद कुछ नागरिकों ने हमला करने वाले का पीछा कर उसे पकडऩे की कोशिश भी किया, लेकिन वह फरार हो गए। डीसीपी सचिन गुंजल, एसीपी सुनील कुराडे, वरिष्ट पुलिस निरीक्षक नितिन गिते के मार्गदर्शन में सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू की गई। पुलिस निरीक्षक आशा खापरे के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी शाहजी नारदे, पुलिस अधिकारी योगेश सानप, पुलिस अधिकारी अजिंक्य धोंडे, पुलिस कांस्टेबल विशाल वाघ, पुलिस कांस्टेबल शिवाजी राठौड.की तीन टीम तैयार कर हमलावरों की तलाश में जुटी हुई थी। आखिरकार पुलिस को सफलता मिली और इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर आगे की जांच में जुटी हुई है।

# लेनदेन को लेकर हुआ विवाद, देवीदास हुआ गिरफ्तार




जेकेएस संवाददाता

वसई: नायगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के मुंबई-अहमदाबाद हाइवे स्थित वाफाने व्रिज के पास झाडिय़ों में मिले नर कंकाल की गुत्थी सुलझ गई है। क्राइम ब्रांच यूनिट- २ ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जवकि दूसरा पहले से ही जेल में है। तीसरा नाबालिग आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने हत्या की गुत्थी को मृतक की चप्पलों और कपडों से सुलझाया है। २२ नवंबर २०२३ की शाम ५ वजे पंकज मोरे दोस्तों के साथ मुंबई- अहमदाबाद हाइवे से गुजर रहा था। नायगांव स्थित वाफाने ब्रिज के पास वह टॉइलेट के लिए रुका। सडक़ से कुछ दूर जाकर वह पेशाव करने लगा, तभी उसे झाडिय़ों में कंकाल दिखाई दिया। उन्होंने इसकी सूचना बाफाने चौकी में तैनात सहायक पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र हिलाल सिंह पाटील को दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि युवक की मौत सिर पर वार की वजह से हुई थी। २४ नवंवर को नायगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस को मृतक का सिर्फ कंकाल हाथ लगा था, ऐसे में उसकी पहचान करना मुश्किल था। हालांकि, घटनास्थल से चप्पलें और कपडे.भी मिले। मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट- २ ने कपडों और चप्पलों के एक हजार से अधिक पोस्टर बनाए और फोटो वॉट्सऐप ग्रुप में भी शेयर कर दिए। पोस्टर देखने के बाद मृतक के परिजन ने क्राइम ब्रांच से संपर्क किया, जो कामन स्थित बीबी पाडा में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा लवेश रमेश माली (२३) ८ नवंबर से गायब है। उन्होंने १७ नवंबर को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दरअसल, लवेश ८ नवंबर को शाम ४ बजे दोस्तों आनंद सजने, देवीदास उर्फ पक्या सुरेश सिंह, एक नाबालिग और अन्य के साथ बाफाने के पास झाडिय़ों में चरस पीने गया था। यहां लेन-देन को लेकर उसका देवीदास से झगडा हो गया। इसी बात को लेकर देवीदास, आनंद और नाबालिग ने उसकी हत्या कर दी। आनंद वहां से देवीदास का रिक्शा लेकर चला गया और रास्ते में एक व्यक्ति का मोबाइल छीन लिया। लोगों ने पकड.कर उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने देवीदास को गिरफ्तार कर लिया है।

# आंगनवाड़ी कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल




जेकेएस संवाददाता

ठाणे : महाराष्ट्र राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ ने पारिश्रमिक में वृद्धि, मासिक पेंशन का भुगतान, नए मोबाइल फोन, पोषण आहार की मात्रा में वृद्धि की मांगों को लेकर ४ दिसंबर से महाराष्ट्र व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है। सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी कर्मचारी ठाणे जिला अधिकारी के कार्यालय के बाहर एकत्र हुईं और उन्होंने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रेच्युटी की हकदार हैं। लेकिन दो साल बाद भी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू नहीं किया है। राज्य सरकार इन आंगनवाड़ी कर्मचारियों को हर महीने आधा वेतन पेंशन के रूप में देने पर सहमत हो गई है। यह निर्णय अभी तक लागू नहीं किया गया है। साथ ही बॉम्बे हाई कोर्ट ने ४ महीने पहले आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पूरक पोषण के लिए दी जाने वाली राशि बढ़ाने और आंगनवाड़ी कर्मचारियों को मोबाइल फोन देने का आदेश दिया था। हालांकि, राज्य सरकार की ओर से अभी तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन नहीं दिया गया है। इसलिए हमने ४ दिसंबर से हड़ताल करने का निर्णय लिया है

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निश्चित ही एक विकसित राष्ट्र बनेगा -केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड



ठाणे :- हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेता मिला है। इसमें कोई संदेह नहीं कि उनके नेतृत्व में भारत निश्चित ही एक विकसित राष्ट्र बनेगा। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि इस बात से देश के युवा भी सहमत हैं। भागवत कराड ने आज कल्याण में किया. केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. वह कराड जिले के कल्याण तालुका में कोलम बस स्टॉप के पास कल्याण-मुरबाड रोड, गोवेली में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुरबाड विधायक किसन कथोरे, अपर कलेक्टर श्रीमती मनीषा जाइभाये-धुले, जिला ग्रामीण विकास प्रणाली की परियोजना निदेशक छाया देवी सिसौदिया, कल्याण प्रांतीय अधिकारी विश्वास गुजर, रामदास दौंड, जिला कृषि अधीक्षक दीपक कुटे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे, कल्याण तहसीलदार जयराज देशमुख, समूह विकास अधिकारी अशोक भवारी, तालुका चिकित्सा अधिकारी डॉ. इस अवसर पर भारत मसाल, कोल्लम के सरपंच राजेश भोईर, स्थानीय जन-प्रतिनिधि, पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बचत समूह की महिलाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं लाभार्थी बडी संख्या में उपस्थित थे। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. कराड ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री. नरेंद्र मोदी ने पिछले १० साल में देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी है. यह देश विकसित देश, विकसित राष्ट्र के रूप में आगे आ रहा है। पूरे विश्व में देश का मान बढा है और आज श्री. मोदी जी के नेतृत्व में श्रीमान. मोदी ने मार्गदर्शन किया है. उन्होंने जो कहा है वह बहुत महत्वपूर्ण है. भारत के १४० करोड.लोग मेरा परिवार है और मेरी कोई जाति नहीं है, अगर आप जाति कहेंगे तो मेरी जाति युवा है, मेरी जाति महिला है, मेरी जाति किसान है, मेरी जाति गरीबी है, पूरे देश से गरीबी दूर होगी, जब तक इस देश के नागरिक खुश हैं, उन्होंने संकल्प लिया है कि जब तक मैं अमीर नहीं बन जाऊंगा, मैं रुकूंगा नहीं और थकूंगा नहीं। उन्होंने कहा, इस विकसित भारत संकल्प यात्रा की ३ मुख्य बातें हैं. एक है विभिन्न केंद्रों से गरीबों तक पहुंचना, दो है जिन तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है उनके जीवन पर क्या प्रभाव पडा है, इसकी जांच करना है और तीसरी बात है सभी को एक साथ लाकर एक जन आंदोलन बनाना है, इस आंदोलन के माध्यम से यह देखने का प्रयास करना है गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं का विकास कैसे होगा, यही विचार भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धमेरा भारतध नाम से एक संकल्पना प्रस्तुत की थी। युवा पीढी को मार्गदर्शन देने का कार्य चल रहा है। भारत एक युवा देश है. १४० करोड.लोगों में से ६५ फीसदी लोग ३५ साल से कम उम्र के हैं. और युवाओं ने कहा, नई आशा, नई चाह, काम करने का नया तरीका। युवाओं में किसी भी चुनौती का सामना करने की ताकत होती है, इसलिए भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। भारत विकास कर रहा है, और भी विकास होने वाला है. डॉ. डॉ. कराड ने नागरिकों से अपील की कि वे भारत संकल्प यात्रा के इस विकास में शामिल हों और हमारे साथ एक जन आंदोलन बनाएं और भारत के विकास के लिए प्रयास करें। इस अवसर पर डॉ. कराड द्वारा कल्याण तालुका के लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र और कार्ड वितरित किए गए। वहीं विधायक किसन कथोरे ने भी इस तरह की संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री श्री से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने मोदी को धन्यवाद दिया और विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से जरूरतमंद लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए छायादेवी सिसौदिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भिवंडी तालुका के जांभुल ग्राम पंचायत से शुरू हुई है. इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन लाभार्थियों तक पहुंचना है जिन्हें आज तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें लाभ दिलाना, विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रचार करना है और यह कार्यक्रम तालुका की ४६ ग्राम पंचायतों में लागू किया जाएगा। इसमें बचत समूहों की आय १ लाख तक बढाने का निर्णय लिया गया है. यात्रा के माध्यम से ग्रामस्वराज्य अभियान चलाया जा रहा है और जो योजनाएं अभी तक लक्षित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाई हैं, उन योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा भारत संकल्प यात्रा राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। चित्ररथ के माध्यम से जिले के ग्राम एवं तालुका स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसमें केन्द्र सरकार की १७ महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी है। नागरिकों के बयान भी स्वीकार किये जा रहे हैं. इस अवसर पर उन्होंने इस चित्ररथ के माध्यम से नागरिकों से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. कार्यक्रम के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों को जानकारी दी गयी. तत्पश्चात गणमान्य व्यक्तियों द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मान भारत गोल्ड कार्ड एवं जलजीवन मिशन प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य जांच समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल लगाये गये थे. नागरिकों ने इन स्टालों का दौरा किया और स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री. मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प की गूंज सुनाई दी. कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने संकल्प शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेलीविजन के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की और योजनाओं के लाभ के बारे में जाना. इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने योजनाओं की जानकारी हर वंचित लाभार्थी तक पहुंचाने की अपील की। विशकार भारत संकल्प यात्रा लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए देश भर में प्रमुख योजनाओं के लाभों को प्रचारित और प्रचारित कर रही है। प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के जरिए वंचित वर्ग से सरकार की योजना का लाभ उठाने की अपील की.

# आरटीओ विभाग की दयनीय स्थिति

मुंबई : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता वाले परिवहन विभाग के मुंबई और ठाणे के सभी आरटीओ कार्यालयों के लैंडलाइन टेलीफोन दिवाली के बाद से आज तक बंद हैं। मोटर वाहन विभाग के पोर्टल पर दिए गए कई टेलीफोन नंबर बंद हैं। मुख्यमंत्री शिंदे के गृह ठाणे आरटीओ कार्यालय के सात लैंडलाइन टेलीफोन खराब हैं। यह चौंकाने वाली जानकारी सामने तब आई है, जब लोगों ने टैगलाइन को लेकर शिकायत करने का प्रयास किया। गतिशील शासन की टैग लाइन वाली शिंदे सरकार ने दिवाली पर जबरन वसूली करने वालों और अवैध यातायात करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश जारी किए थे। इन आदेशों को लागू करने और शिकायत करने के लिए मुंबई और उपनगरों में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों की




लैंडलाइनें जारी की गई थीं, लेकिन ये लैंडलाइन नंबर बंद थे, यात्रियों के सामने यह सवाल था कि वे वैंसे और कहां शिकायत करें। इस संबंध में ठाणे परिवहन कार्यालय के उप क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. विजय शेल्के से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि लैंडलाइन टेलीफोन नंबर पुराने कार्यालय के हैं, इसलिए वे काम नहीं करते हैं। परिवहन आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट पर मुंबई और उपनगरों में आरटीओ कार्यालयों को दिए गए कई टेलीफोन नंबर बंद हैं। ऐसी शिकायतें हैं कि मुंबई और उपनगरों में ताड़देव, अंधेरी, वर्ली, दहिसर, वडाला, ठाणे में आरटीओ कार्यालय बंद हैं। जनता से संपर्वं में नहीं हैं और अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। फोन बंद होने के कारण कुछ स्थानों पर कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच बहस होने की बात कही जा रही है।

आरटीओ के फोन नंबर

ताड़देव आरटीओ - २३५३२३३७

ठाणे आरटीओ- २५८२३४०० फोन बजता है, उठाता कोई नहीं

मुंबई- पश्चिम- २४०३६२२१

वडाला- २६३२३६२२१ हमेशा व्यस्त

# चुनाव खत्म होते ही फूटा महंगाई बम: और महंगे हुए एलपीजी सिलिंडर



जेकेएस संवाददाता

पालघर : देश के ५ राज्यों में विधानसभा चुनाव खत्म होते ही सरकार का एक फिर महंगाई बम फूटा है। पहले से ही महंगाई की मार से झेल रही जनता को सरकार ने एक और झटका देते हुए फिर एलपीजी सिलिंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। ये बढ़ोतरी १९ किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलिंडर पर हुई है और इसके रेट में २१ रुपए प्रति सिलिंडर का इजाफा किया गया है। १ दिसंबर २०२३ से आपको राजधानी दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलिंडर के लिए १,७९६.५० रुपए चुकाने होंगे, जबकि इससे पिछले महीने एलपीजी गैस के दाम १,७७५.५० रुपए प्रति सिलिंडर पर थे। पिछले महीने की पहली तारीख यानी १ नवंबर को भी एलपीजी सिलिंडर के दाम में १०० रुपए से ज्यादा का इजाफा किया गया था। एलपीजी के ये दाम १९ किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलिंडर पर बढ़े थे। १ नवंबर को देश में गृहिणियों करवाचौथ का त्योहार मनाया गया था और इस त्योहारी दिन उनको महंगाई का झटका लगा था। एक अक्टूबर को एलपीजी १,७३१.५० रुपए पर थी, जबकि १ नवंबर को इसके रेट १०१.५० रुपए महंगे हुए थे और यह १,८३३ रुपए प्रति सिलिंडर हो गया था। इसके बाद १६ नवंबर को कमर्शियल गैस के दाम कम हुए थे और यह ५७.०५ रुपए सस्ता होकर १,७७५.५० रुपए पर आ गया था।

कमर्शियल गैस सिलिंडर के महंगा होने का असर असर खाने-पीने की इंडस्ट्री और रेस्टोरेंट कारोबार पर ज्यादा दिखेगा। आम जनता के लिए बाहर खाना-पीना और महंगा होने वाला है और उनकी आउटिंग पर होने वाला बजट महंगा होगा।

कमर्शियल सिलिंडर के नए दाम क्या हैं

दिल्ली १,७९६.५० रुपए

कोलकाता १९०८.०० रुपए

मुंबई १७४९.०० रुपए

चेन्नई १९६८.५० रुपए

**NAME CHANGED**

I have changed my name from ISHRAT JAHAM SABEER SHAIKH ( Res- 504, Kismat Residency, near Hotel Ratnagiri, NH.Road, Miraroad. Distt - Thane 401107) to ISHRAT JAHAN SABIR SHAIKH.
Vide Government of Maharashtra Gazetted No. M-23139904
After the gazatte I am known and shall always be known as Ishrat Jahan Sabir Shaikh

**NAME CHANGED**

I have changed my name from MOHAMMAD SABEER ABDUL RAFIQ SHAIKH (Resi- 504, Kismat Residency, near Hotel Ratnagiri. NH Road, Miraroad. Distt.Thane 401107) to SABIR ABDUL RAFIQUE SHAIKH
vide Government of Maharashtra gazetted No. M-23132213
After the gazatte I am known and shall always be known as Sabir Abdul Rafique Shaikh

**मिरा - भाईंदर महानगरपालिका**

**उद्यान विभाग**

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर भवन (नगरभवन) भाईंदर (प.) ता, जि. ठाणे - ४०११०१, दुरध्वनी - २८१८४५५३

जा. क्र./मनपा/उद्यान/४६५/२०२३-२४ दिनांक : २८/११/२०२३

**// जाहिर सुचना //**

मिरा भाईंदर महानगरपालिका प्रभाग समिती क्र. १, २, व ३ अंतर्गत उद्यान व वृक्ष प्राधिकरण विभागाची मिरा भाईंदर महानगरपालिका क्षेत्रातील विकास कामातील बाधीत होणारी / धोकादायक झाडे मुळासहित काढणेकामी नागरीकांच्या हरकती किंवा सुचना दि. २९/११/२०२३ ते ०५/१२/२०२३ या कालावधीत मागविण्यात येत आहेत. सदरची जाहिर नोटीस सुचना महानगरपालिकेच्या www.mbmc.gov.in संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सोबत :- जाहिर नोटीस सुचना.

जा. क्र. मनपा/मावज / ई-१०५९१७३ / २०२३-२४
दिनांक २९/११/२०२३

**सही/-**
**(योगेश गुणिजन)**
सहा. आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी
मिरा भाईंदर महानगरपालिका

# समर्पित संविधान गौरव यात्रा का आयोजन संपन्न

**भाईंदर** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित किया गया, मन की बात कार्यक्रम जिला कार्यालय के साथ–साथ सभी मंडल कार्यालय एवं प्रभाग में भी आयोजन किया गया। मन की बात कार्यक्रम के तत्पश्चात ही भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष में भाजपा जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा के नेतृत्व में संविधान गौरव यात्रा निकली गई, भारतीय जनता पार्टी मिरा–भाईंदर शहर ( जिल्हा) द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को समर्पित संविधान गौरव पखवाडा के अंतर्गत संविधान गौरव यात्रा का आयोजन किया गया, जो भाजपा जिला कार्यालय मीरा रोड से लेकर डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर चौक भायंदर वेस्ट में संपन्न हुई। भाजपा मिरा–भाईंदर शहर ( जिल्हा) द्वारा आयोजित इस पदयात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ट एवं कार्यकर्ता ने भाग लिया और बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के सामने संविधान की शपथ ली। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा बताया कि विश्व के सबसे बडे लोकतंत्र का धर्मग्रंथ और इसी किताब से भारतीय लोकतंत्र संचालित होता है। हमारे देश का संविधान हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान २६ नवंबर १९४९ को पूर्ण हो गया था पर कांग्रेस शासन में कभी इस दिन को संविधान दिवस के रूप में नहीं मनाया था। २०१५ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को इस दिन का महत्व समझाने के लिए इसे संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। जिला उपाध्यक्ष सुनील केसरी ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला व बताया कि भीम राव अंबेडकर ने नारा दिया था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। इस नारे से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। वे एक महान व्यक्तित्व के धनी होने के साथ–साथ एक महान समाज सुधारक भी थे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश समाज के नव निर्माण में सभी को योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा के साथ जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन पुरोहित, संजय थरथरे, सुनील केसरी, दीपक सावंत, ज्ञानेंद्र सिंह, मनोज दुबे, महामंत्री ध्रुव किशोर पाटिल, भारत बोहरा, वनिता बने, सचिव रमेश मिश्रा, एसपी मौर्य, युवा मोर्चा महामंत्री रणवीर बाजपेई, महिला मोर्चा महामंत्री राखी सेंद्रे सहित बडी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।



# बीएसयूपी घोटाले की गुंज से मनपा कर्मचारी गिरफ्तार,

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर । काशीमीरा के बीएसयूपी आवास योजना घोटाले में मीरा भायंदर मनपा के एक कर्मचारी सहित मुख्य आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी आवास दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में हुई है।इससे पहले ६ आरोपी गिरफ्तार हो चुके थे।फिलहाल सभी जमानत पर जेल से बाहर हैं। दहिसर निवासी दयाराम भारती की शिकायत पर काशीमीरा पुलिस ने ठगी की एक एफआईआर दर्ज की थी।जिसमें सस्ते में आवास दिलाने के नाम पर ७ लाख रुपए ऐंठ लेने का आरोप छह लोगों पर भारती ने लगाया था।आरोपियों ने राशन कार्ड, लाभार्थी सर्वेक्षण रसीद, अलॉटमेंट पेपर आदि भी दिए थे।जांच में सभी फर्जी निकले।फरार मुख्य आरोपी आशीष रामनगीना चौहान को सूरत और मनपा कर्मचारी भूपेश कुर्लावाला को मीरा रोड से रविवार को गिरफ्तार किया गया।जांच अधिकारी एपीआई महेंद्र शेलार ने बताया कि आरोपी सूरत में छिपकर रह रहा था। मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया।भूपेश मनपा का संविदा कर्मचारी था।तकरीबन ५ साल से वह काम पर नही है।आवास योजना के लाभार्थियों का सर्वेक्षण उसने ही किया था। पहले गिरफ्तार हुए छह आरोपियों में एक राशन दुकानदार का भी समावेश था।उसके पास से ४५७ फर्जी राशन कार्ड की एक सूची पुलिस को मिली थी। हालांकि फर्जी राशन कार्ड बरामद कर लेने की जानकारी पुलिस की ओर से आज तक नही दी गई। क्षेत्रीय शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने यह घोटाला ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से विधानसभा में उठाया था।जिस पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घर पा चुके और पाने का इंतजार कर रहे लाभार्थियों और उनके दस्तावेजों का वेरीफिकेशन कराने और फर्जी पाए जाने वाले लाभार्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की घोषणा की थी।जांच काशीमीरा पुलिस से निकालकर आईओडब्लू को सौंप दी गई।लेकिन घोटाले में अभी तक कोई दूसरी एफआईआर दर्ज नहीं हुई।हालांकि अभी तक ईओडब्ल्यू ने क्या जांच की ? कौन कौन से फर्जी दस्तावेज मिले ? यह एक राज है। एपीआई महेंद्र शेलार ने कहा कि जांच की जानकारी देना जांच की प्रगति के लिहाज से ठीक नहीं होगा। इस घोटाले की गूंज के बीच आवास योजना के ट्रांजिट फ्लैट के फर्जी अलॉटमेंट पेपर भी मिले थे।इसके बाद मीरा भायंदर मनपा के सिटी इंजीनियर दीपक खांबित ने काशीमीरा पुलिस थाने में एक पत्र दिया था।पत्र में उन्होंने योजना का काम देख रहे हैं सदाशिव ठनके,दीपक श्रृंगारे,पुनीत आर्किटेक्ट पर संशय जताया था।बरहाल अभी तक पूरे घोटाले में कोई बडी मछली हाथ नही लगी है। इस योजना के तहत झोपडों की जगह पर इमारतें बनाई जानी थी और जिन लोगों के झोपडे थे,उन्हें इनमें फ्लैट दिए जाने थे।आरोप है कि मीरा भायंदर मनपा के अधिकारी तथा कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से बाहर के कुछ लोगों ने फर्जी सेल एग्रीमेंट और फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार कर लाभार्थी बन गए और फ्लैट भी ले लिए।कई नेता,नगरसेवक के परिवारों के ६/६,७/७ लाभार्थी हैं। मालूम हो, कि बीएसयूपी आवास योजना वर्ष २००७ में मंजूर हुई थी।इस योजना में ४१३६ झोपडों को शामिल किया गया था। जिसमें से ४००२ का सर्वेक्षण हुआ।हालांकि बाद में २३८५ झोपडा धारकों को ही घर देने का निश्चय हुआ।जिसमें से अभी तक सिर्फ ४७३ परिवार को पक्का घर मिला है।

# जनता को मिलेगी राहत, शहर में दौडेगी इलेक्ट्रिक बसें



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. मीरा–भायंदर महानगरपालिका की परिवहन सेवा (एमबीएमटी) में पर्यावरण पूरक १०० ई–बसें शामिल होंगी. हाल ही में प्रधानमंत्री ई–बस सेवा अंतर्गत केंद्र सरकार की सुक्राणु समिति ने इसे मंजूरी दी है. बता दें कि केंद्र सरकार के आवास और नागरिक मामलों के मंत्रालय अंतर्गत प्रधानमंत्री ई– बस सेवा कार्यान्वित की जा रही है. उसके तहत केंद्र से देश भर के प्रमुख शहरों को ई–बसें उपलब्ध कराई जाएंगी. इसके लिए सभी राज्यों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे. देश के ३८ शहरों से ३,३३२ ई–बस के प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्राप्त हुए थे, जिसमें महाराष्ट्र के १४ शहरों के लिए १,२९० बस मंजूर किए गए हैं. इस योजना से मीरा– भायंदर मनपा के भी १०० बसों के प्रस्ताव का समावेश है. 'प्रधानमंत्री ई–बस सेवा' योजना अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा ई–बस खरीदी जायेगी, इसके लिए सीईएसएल नामक कंपनी की नियुक्ति की गई है. निविदा प्रक्रिया द्वारा ठेकेदारों का चयन किया जाएगा. ये ठेकेदार विभिन्न शहरों में जीसीसी तत्व पर ई–बसों का परिचालन करेंगे. इन्हीं ठेकेदारों द्वारा बस के परिचालन के चालक और अन्य कर्मचारी नियुक्त तथा बसों की देखभाल और मरम्मत किए जायेंगे. इस योजना की विशेषता यह है कि ई–बस के परिचालन हेतु केंद्र सरकार द्वारा बस की लंबाई के अनुसार प्रति बडी बस २४ रुपए, मध्यम आकार के बस के लिए २२ रुपए और छोटे बस के लिए २० रुपए प्रति किलोमीटर अदा किए जायेंगे. बाकी के खर्च और आय मनपा को बस के टिकट और स्वनिधि से वहन करने होंगे, जिससे मनपा को आर्थिक बचत होगी. वर्तमान में मीरा भायंदर मनपा की परिवहन सेवा (एमबीएमटी) में ७४ डीजल बसों में से ७० बसों और १५वें वित्त आयोग की राष्ट्रीय शुद्ध हवा कार्यक्रम अंतर्गत खरीदे जाने वाले ५७ नई इलेक्ट्रिक बसों में से ६ बसों का परिचालन किया जा रहा है. दिनों दिन शहर की बढती हुई जनसंख्या के अनुसार मनपा को परिवहन सेवा का विस्तार करना है. फिलहाल प्रतिदिन ९० हजार से अधिक प्रवासी इस परिवहन सेवा का लाभ उठा रहे है. करीब १.२५ लाख प्रवासियों को प्रतिदिन इस सेवा का लाभ देने का लक्ष्य है.

# नमस्ते योजना का हुआ शुभारंभ, कर्मचारियों को मिलेगी राहत

भाईंदर, केंद्र सरकार ने देश में स्थानीय स्व–सरकारी निकायों, सरकारी संगठनों के साथ–– साथ निजी क्षेत्र में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के लिए नमस्ते योजना शुरू की है। इस योजना से सफाई कर्मचारियों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। इस योजना का क्रियान्वयन पूरे देश में शुरू कर दिया गया है। उसी के एक हिस्से के रूप में, मीरा भयंदर नगर निगम ने शहर में सफाई कर्मचारियों की जानकारी एकत्र करना शुरू कर दिया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य नालों और सीवेज टैंकों की १०० प्रतिशत सफाई को मशीनीकृत करना है और इस योजना में स्थानीय स्व–सरकारी निकायों, सरकारी संगठनों और निजी सफाई कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। इस योजना के जरिए नगर निगम सफाई कर्मचारियों की जानकारी डिजिटल फॉर्म में इकट्ठा करने जा रहा है. फिर इन कर्मचारियों को अपने पैरों पर खडा होने के लिए सरकारी योजनाएं, कम ब्याज दरों पर ऋण और सब्सिडी, कौशल विकास, सामाजिक आदि सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। आर्थिक लाभ मिलेगा। इसमें मुख्य रूप से सफाई कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा, उनके बच्चों के लिए शिक्षा, नालियों और सीवेज टैंकों को साफ करने के लिए आवश्यक उपकरणों और वाहनों के लिए ऋण शामिल हैं। मीरा–भायंदर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में लगभग १८०० सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं और सीवरेज सेंटर में १६० सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं। नगर निगम ने 'नमस्ते' योजना के लिए इन सभी का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है. इस योजना से अपंजीकृत सफाई कर्मचारियों और कम वेतन पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को काफी फायदा होगा। नगर निगम प्रशासन ने बताया है कि इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद मिलेगी.



# अवैध संबंध में बड़ा विवाद, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

भायंदर । काशीमीरा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर रेती व्यवसायी नागेश मल्लिकार्जुन चौधरी के खिलाफ प्राकृतिक व अप्राकृतिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।पीडित महिला उसके दोस्त की पत्नी है और विरार में ब्यूटीपार्लर का काम करती है। महिला ने अपने बयान में कहा है कि एक ही व्यवसाय से जुडे होने के कारण आरोपी का उसके घर आना जाना था। उसका पति शारीरिक बीमारी से पीडित है, इस बात का उसे पता था।इसका फायदा उठाते हुए उसने उसके साथ नजदीकियां बढाई। उसे और उसके बच्चों को जीवन पर संभालने का वादा कर घर पर,लॉज और होटल में कई बार शारीरिक संबंध बनाया। इस बीच उसने शादी करने का भरोसा भी दिया।लेकिन बाद में मुकर गया।पीडित महिला का कहना है कि उसके और नागेश के बीच अवैध संबंधों का पता जब उसके पति को चला तो घर में झगडा शुरू हो गया।नतीजा यह हुआ कि एक दिन पति ने उसे घर से निकाल दिया।२०२१ से उसका यौन शोषण हो रहा था।बीते अक्टूबर में आरोपी जब शादी करने से इंकार कर दिया तो महिला ने पुलिस की शरण ली।

# फिलिस्तीनियों के लिए प्रार्थना करने जा रहा हूँ मुजफ्फर हुसैन की अपील

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: प्रमुख समाचार सेवा गाजा ने फिलिस्तीन पर हमला कर युद्ध की घोषणा कर दी है. इस युद्ध में फिलिस्तीन में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग मारे जा रहे हैं. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व ए.एम. मुजफ्फर हुसैन ने किया। उन्होंने मीरा रोड पर एक कार्यक्रम में २६/११ आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए मीडिया से बातचीत करते हुए यह अपील की। फिलिस्तीन पर गाजा के हमले में कई निर्दोष लोग मारे गए हैं और इसके चलते वैश्विक स्तर पर चिंता व्यक्त की जा रही है. युद्ध एक व्यवसाय बन गया है और दुनिया में युद्ध कराना एक व्यवसाय बन गया है। उन्होंने कहा कि यह बात सामने आई है कि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर हथियारों की खरीद–फरोख्त के जरिए युद्ध छेडा जा रहा है. भारत के साथ–साथ फ्रांस ने भी पिछले कुछ वर्षों में इजराइल से अरबों रुपये के हथियार खरीदे हैं। अमेरिका पूरी दुनिया में अपने हथियार बेच रहा है. ऐसे हथियार तब खरीदे, बेचे जाते हैं जब युद्ध छेड़ना होता है या दुश्मन के संभावित युद्ध का मुकाबला करने के लिए हथियार खरीदे, बेचे जाते हैं। इसने एक व्यावसायिक रूप ले लिया है और ए उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि जब पूरी दुनिया शांति का आह्वान कर रही थी, कुछ देशों ने साम्राज्यवाद के लिए युद्ध छेड़ना शुरू कर दिया। वैश्विक स्तर पर तेल का उन्होंने आरोप लगाया कि कीमतों को नियंत्रण में लाना भी एक व्यवसाय है. बडे.देश अधिक जनसंख्या वाले छोटे देशों को निशाना बनाने लगे हैं। वे इन देशों को अपने शासन में लाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के तहत अमेरिका भारत को एकजुट रखने की कोशिश कर रहा है. उन्होंने कहा कि भारत में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो, इस देश ने मध्य पूर्व के देशों के साथ हमेशा अच्छे संबंध बनाए रखे हैं.

# मराठी में बोर्ड नहीं लगाया तो देना पडेगा जुर्माना

भायंदर: मीरा–भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में दुकानों, प्रतिष्टान, वाणिज्यिक होटल पर अब मराठी भाषा में साइन बोर्ड लगाने की प्रक्रिया को लेकर मनपा प्रशासन ने कमर कस ली है ! ऐसे दुकानदार जो मराठी में बोर्ड नही लगाएंगे उनके खिलाफ मनपा दंडात्मक कार्यवाही करेगी। इस संदर्भ में उपायुक्त संजय शिंदे ने बताया की सितंबर महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मराठी भाषा में साइन बोर्ड लगाने को कहा गया था और दुकानदारों को दो महीने का समय भी दिया गया था. अब दो महीने का समय खत्म होने के बाद मीरा भायंदर महानगरपालिका ने अपनी कार्रवाई शुरू की है। तथा शहर के करीब १५० दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। मनपा मीरा भायंदर में देवनागरी लिपि में साइन बोर्ड न लगाने पर दुकानदारों को नोटिस दे रही है. वहीं देवनागरी लिपि में साइनबोर्ड न लगाने पर दुकानदार पर २००० रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा.

# समर्थन मांगने की योजना की बैठक को लेकर परिचर्चा



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह के नेतृत्व में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए, सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम के लिए घर–घर जाकर समर्थन मागने की योजना आगे बढाने पर विचार विमर्श किया गया। आगामी दिनों मे स्वयं सुरेश सिंह उत्तर भारतीय मोर्चा की तरफ से अन्य पदाधिकारीगण घर–घर जाकर कार्यक्रम का आगाज करेगें, जिसके लिए उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में साथ देने की सहमति प्रदान किया। यह कार्यक्रम गोल्डन नेस्ट मण्डल शुभम हाईट इन्द्रलोक भाईंदर पूर्व मोर्चा के उपाध्यक्ष रमाकांत सिंह के कार्यालय पर उनके सौजन्य से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम सफल बनाने के लिए महासचिव कमलेश दुबे , महिला अध्यक्ष रेनू मल्लाह, एड अरुणा पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप तिवारी, बलवंत सिंह,पूर्व प्रधानाचार्य अभयराज सिंह , बैंक मैनेजर कृष्णा सिंह , श्रीप्रकाश सिंह प्रबंधक एडवोकेट प्रमथेश शुक्ल, मनीष मिश्र, सुरेंद्र तिवारी, पिंटू सिंह धर्मेन्द्र सिंह, संजय मिश्र, कृपाशंकर दुबे, राजकुमार सिंह, अनिल सिंह, देवेश तिवारी, बृजेश मिश्र (वरिष्ट अध्यापक), प्रधानाचार्य–महेश सिंह, आशुतोष शुक्ला सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI